inTouch

Women's Legal Centre

आर्थिक सहायता योजना (Financial Assistance Scheme, FAS) क्या है?

आर्थिक सहायता योजना, या FAS, हिंसा से उबरने से जुड़े खर्चों के लिए आर्थिक सहायता के माध्यम से आपको हिंसा से उबरने में मदद दे सकती है।

चरण 1: FAS मेरी मदद कैसे कर सकती है?

- यह समुदाय की ओर से इस बात की स्वीकृति है कि हिंसा के फलस्वरूप आपको नुकसान हुआ है।
- हो सकता है कि FAS सभी खर्चों को पूरा न करे, परन्तु इसका उद्देश्य आपकी मदद करना है।
- आवेदन करना नि:शुल्क और गोपनीय है।
- अपराधी को आपके आवेदन या उसमें शामिल विषय-वस्तु के बारे में सूचित नहीं किया जाएगा।
- आपको अदालत जाने या सुनवाइयों में भाग लेने की ज़रूरत नहीं है।

चरण 2: आवेदन कौन कर सकता है?

- जिन लोगों को हिंसा के फलस्वरूप चोट पहुँची है, वे आवेदन कर सकते हैं। हिंसा में शारीरिक उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न या पारिवारिक हिंसा शामिल हो सकती है। चोट में मानसिक क्षति और पहले से लगी चोट की स्थिति का और भी बिगड़ना शामिल हो सकता है।
- बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य भी आवेदन कर सकते हैं।
- यदि आपने हिंसा के बारे में पुलिस रिपोर्ट की है और उनकी प्रक्रियाओं में सहयोग दिया है, तो आप आवेदन कर सकते/ती हैं। यह ज़रूरी नहीं है कि अपराधी को आरोपित किया गया हो अर्थात उसे चार्ज किया गया हो।
- यदि कोई पुलिस रिपोर्ट नहीं की गई है, तो एक वैधानिक घोषणा में ऐसा न करने की परिस्थियाँ बताया जाना आवश्यक है।

आपके द्वारा आवेदन जमा करने की समयसीमा पीड़ित की आयु और हिंसा के प्रकार पर निर्भर करती है:

पीड़ित की आयु	हिंसा का प्रकार	आवेदन जमा करने की समयसीमा
वयस्क (18 साल से अधिक आयु)	यौन या पारिवारिक हिंसा	10 साल
वयस्क (18 साल से अधिक आयु)	अन्य सभी प्रकार की हिंसा	3 साल
बच्चे (18 साल से कम आयु)	बाल दुर्व्यवहार या पारिवारिक हिंसा	कोई समयसीमा नहीं
बच्चे (18 साल से कम आयु)	अन्य सभी प्रकार की हिंसा	21 साल की आयु होने से पहले

चरण 3: आवेदन करना



1. **इस बारे में फैसला करें क्या क्लेम करना है।** उन तरीकों पर विचार करें, जिनसे आपके जीवन पर हिंसा का प्रभाव पड़ा है और जो आपको उबरने (रिकवर करने) में सहायता दे सकते हैं।



2. **सहायक दस्तावेज़ एकत्र करें।** और अधिक मार्गदर्शन के लिए 'Documents you might need (आपको कौन से दस्तावेज़ों की ज़रूरत हो सकती है)' संसाधन देखें।

3. आर्थिक सहायता योजना के लिए समयसीमा के भीतर आवेदन जमा करें।

4. FAS **उपलब्ध कराए गए प्रमाण के आधार पर निर्णय लेगा**। आपको अदालत जाने की ज़रूरत नहीं होगी।

इस प्रकाशन में शामिल सामग्री केवल सामान्य मार्गदर्शिका है। यह कानूनी सलाह नहीं है। कृपया अपनी विशिष्ट परिस्थिति के बारे में कानूनी सलाह लें।

inTouch
Multicultural Centre Against Family Violence

इनके द्वारा निर्मित inTouch
admin@intouch.org.au | intouch.org.au
फरवरी 2025

inTouch Multicultural Centre Against Family Violence को विक्टोरिया सरकार की ओर से गर्वपूर्वक समर्थन प्राप्त है।

VICTORIA State Government